# हलषष्ठी में भारी बारिश के बीच अतिथि शिक्षकों ने रैली निकाल, दिया धरना, तीन नेताओं के वादे दिलाए याद



**मंडला, देशबन्धु।** बुधवार को तेज बारिश के बावजूद मण्डला जिला मुख्यालय में सैकड़ों अतिथि शिक्षकों ने हलषष्ठी पर्व पर विशाल रैली, धरना-प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया। महिला शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट के पास विधि-विधान से हलषष्ठी पूजा कर शीघ्र नियमित रोजगार और झूठे वादों से मुक्ति की याचना की। हाथों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षामंत्री राव उदय प्रताप सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया के वादों वाली तख्तियां लेकर शिक्षकों ने सरकार के तीन प्रमुख वादों को याद दिलाया।

**डॉ. यादव ने किया था पहला वादा**- जब डॉ. मोहन यादव विधायक थे, तब 15 मार्च 2018 को उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ को पत्र लिखकर अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का समर्थन किया था। आज वे स्वयं मुख्यमंत्री हैं। शिक्षकों का कहना है यह आपका ही लिखा वादा है, इसे आपको ही पूरा करना है।

**पूर्व सीएम ने किया दूसरा वादा** -2 सितंबर 2023 को भोपाल के लाल परेड मैदान में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षक महापंचायत में घोषणा की थी कि 12 माह का मानदेय, 62 वर्ष तक रोजगार और पद रिक्त नहीं माना जाएगा। आज उसी घोषणा की दूसरी बरसी है, लेकिन वादा अधूरा है।

**शिक्षामंत्री ने किया तीसरा वादा** - हाल ही में शिक्षामंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मीडिया के सामने कहा था कि अतिथि शिक्षकों के साथ न्याय किया जाएगा और अनुभव को देखते हुए स्थाई नीति पर विचार हो रहा है। शिक्षकों ने स्पष्ट कहा अब आश्वासन नहीं, आदेश चाहिए। ज्योतिरादित्य सिंधिया के वादे का भी जिक्र करते हुए शिक्षकों ने कहा कि चार बड़े नेताओं के आश्वासन के बावजूद आज भारी बारिश में धरना देना पड़ रहा है।

**महिलाओं ने रोकर मांगा वरदान**-

हलषष्ठी का व्रत रखने वाली दर्जनों महिला अतिथि शिक्षकों ने भीगे कपड़ों में खुले आकाश के नीचे पूजा की। उन्होंने अपने बच्चों की लंबी उम्र, परिवार की खुशहाली और सरकारी नौकरी का वरदान मांगा। एक व्रतधारी शिक्षिका ने आंसू बहाते हुए कहा मैं हर साल बच्चे के लिए व्रत रखती हूँ, आज नौकरी के लिए व्रत रखा है। मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री हमारी पूजा स्वीकार करें।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने किया जवाब तलब**-जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले समर्थन में पहुंचे। उन्होंने सहायक आयुक्त अरुण शुक्ला से अतिथि शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी, स्कोर कार्ड में अनुभव अंक की कटौती, मानदेय में देरी और मनमानी कटौती तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने जैसे मुद्दों पर घंटों सवाल किए। डॉ. मर्सकोले ने जिले भर से आए आवेदनों का एक सप्ताह में निराकरण करने की मांग की, जिसे सहायक आयुक्त ने स्वीकार कर आश्वासन दिया।

### सूने मकान से लाखों की चोरी का खुलासा, नागपुर से बरामद हुए जेवरात

# चार गिरफ्तार, पांच लाख की चोरी का माल जब्त

## एक आरोपी की तलाश जारी



**मंडला, देशबन्धु।** परिवार के साथ विवाह समारोह में गए एक परिवार के सूने मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का नैनपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों की निशानदेही पर नागपुर से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 15, खेरमाई रोड निवासी अनंत कुमार वैष्णव 4 मई 2026 को परिवार सहित विवाह कार्यक्रम में शामिल होने मंडला, जबलपुर और भोपाल गए थे।

छह जून की शाम करीब 5:45 बजे वापस लौटने पर मकान के पीछे के दो दरवाजों की कुंडियां टूटी मिलीं। अंदर बीच वाले दरवाजे का ताला भी खुला था। जांच करने पर बिस्तर पेटी और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा करीब 2 लाख 25 हजार रुपये नकद गायब मिले। पूछताछ में सामने आई चोरी की पूरी कहानी घटना की विवेचना के दौरान पुलिस ने शिकायतकर्ता के घर में काम करने वाली महिला के पुत्र प्रिंस मर्सकोले से पूछताछ की। पूछताछ में उसने परम मरकाम और एक बाल अपचारी के साथ मिलकर मकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया।

पुलिस के मुताबिक चोरी की नकदी से मोटरसाइकिल और आईफोन खरीदा गया, जबकि शेष रकम शराब, घूमने-फिरने और अन्य खर्चों में खर्च कर दी गई। जांच में यह भी सामने आया कि चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात कन्हैया मरकाम निवासी घटेरी के माध्यम से नागपुर में बेचे गए थे। मामले में परम मरकाम और बाल अपचारी को पूर्व में अभिरक्षा में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है। नागपुर पहुंची पुलिस, जेवरात बरामद 30 अगस्त को पुलिस ने फरार आरोपी कन्हैया मरकाम को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस टीम नागपुर पहुंची। वहां अनिला उइके और शुभम उइके से पूछताछ की गई।

पुलिस के अनुसार अनिला के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र तथा शुभम के पास से चांदी का सामान होने की जानकारी मिली। चोरी के अन्य सोने के जेवरात आकाश कड़वे और उसके एक अन्य साथी को दिए जाने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने आकाश कड़वे को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसके कब्जे से चोरी का सोने का सामान बरामद किया गया। मामले में एक अन्य आरोपी मोबाइल बंद कर फरार बताया जा रहा है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## सार-समाचार



### सांदीपनि विद्यालय अंजनियां में एसएमसी का गठन, अरुण धुर्वे अध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**मंडला, देशबन्धु।** सांदीपनि विद्यालय अंजनियां में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के तहत किया गया। विद्यालय में आयोजित प्रबंधन बैठक के दौरान अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें अरुण धुर्वे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा संजय श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष चुना गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रामकिशोर भाण्डे समिति के पदेन सचिव होंगे। समिति गठन में शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए 75 प्रतिशत अभिभावकों एवं संरक्षकों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। वहीं समिति में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों को भी नियमानुसार प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति में शिक्षकों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, विषय-विशेषज्ञ, पूर्व छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता सहित अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है। समिति का कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित रहेगा। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की आवश्यकताओं पर ध्यान देने तथा विद्यालय के विकास कार्यों में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि समिति विद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अनीता पाठक की सेवानिवृत्ति पर कन्या शाला हाईस्कूल व संकुल केंद्र पिंडरई में दी गई विदाई



**पिंडरई, देशबन्धु।** गत दिवस शासकीय कन्या हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती अनीता पाठक के सेवा निवृत्त होने पर बिदाई समारोह कार्यक्रम राखा गया,जिसमें शाला प्रभारी प्राचार्य श्रीमती मोनिका सोनवानी ने कहा कि श्रीमति पाठक का सानिध्य हमे मिलता रहा , जिससे शाला परिवार हमेशा उनको याद रखेग। शिक्षिका श्रीमती मीना सेन ने बताया कि मेरी बड़ी दीदी जैसी है . इनके साथ तेरा वर्षों का सफर कैसे निकल गया पता ही नहीं चला,, हमेशा अपने समय की पाबंद रही। इसके अलावा सेवाराम राजपूत, प्रशांत श्रीधर, श्री बिसेन, श्री सरोते, श्री उइके, सुप्रिया मैडम, मैडम मरकाम छात्रावास अधीक्षिका ने भी सम्बोधित किया। शालापरिवार के अलावा समस्त छात्रों ने भी तिलक बंदन किया ब शाला परिवार की ओर से शाल, श्रीफल एवं फोटो फ्रेम भेट किया। पाठक परिवार से दिलीप पाठक जी के परिवार से सभी लोग शाला आये हुए थे। बिदाई के समस्त स्टाफ ब छात्राएं भावुक हो उठे थे।

शाला से घर तक बैंड बाजों के साथ श्रीमति पाठक को घर तक पहुंचाया गया। इसके अलावा शंकुल स्तरीय स्तर पर जनशिक्षा केंद्र पिंडरई में भी बिदाई समारोह किया गया जिसमें प्राचार्य शाशासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिंडरई के प्राचार्य के आर धुर्वे, जनशिक्षक अर्जुनबार ,लक्ष्मी मरकाम , सुरेश पटेल ब शिक्षकों में नंदकिशोर कटारे , दिलिप जैन ,खान सर , मुकेश सोलंकी, शेख अहमद मंसूरी, श्रीमती देवकी झरिया , नीरा विनीत नामदेव , प्रीति चौहान , बंदना राजपूत, सरिता अग्रवाल , संगीता नोरिया के अलावा समस्त शिक्षक ब शाला परिवार को तिलक बंदन किया ब जनशिक्षक केन्द्र की ओर से शाल श्रीफल फोटो फ्रेम भेट में दिए गए।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : मंडला में यादव समाज में उत्साह, चार को वाहन रैली





**मंडला, देशबन्धु।** धर्म, कर्म, प्रेम और न्याय के प्रतीक भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर मंडला में यादव समाज का उत्साह चरम पर है। जिला यादव महासभा एवं युवा यादव महासभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले भव्य जन्माष्टमी महोत्सव और वाहन रैली की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आगामी 4 सितंबर को शहर की सड़कों पर 'जय कन्हैया लाल की' का जयघोष गूंजेगा।

मंडला पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी वाहन रैली के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक गौरव और युवा शक्ति का प्रदर्शन भी है।

**घर-घर आमंत्रण, गांव-गांव संपर्क अभियान**-वाहन रैली में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यादव समाज ने व्यापक

**एसपी राजेश रघुवंशी होंगे मुख्य अतिथि गांव-गांव से उमड़ेगा समाजिक बंधुओं का कारवां**

संपर्क अभियान चलाया है। घाघा, बिनेका-जंतीपुर, इमलीगोहान सहित यादव बाहुल्य गांवों में बैठकें आयोजित की गई। घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन पूरे उत्साह से इस अभियान में जुटे हुए हैं। तिलईपानी, चटुआमार, सुरंगदेवरी, सिलपुरा, सनकुही, अहमदपुर, पौंडी, महाराजपुर सहित कई गांवों से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं के मंडला पहुंचने की उम्मीद है।

**बैनर-पोस्टरों से सजा शहर, मंदिर में विशेष पूजा**-मंडला शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और आयोजन स्थल के आसपास बैनर-पोस्टर लगाकर उत्सव का माहौल बनाया जा रहा है। जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण के संदेश और रैली में शामिल होने का आमंत्रण नजर आ रहा है। जिला यादव समाज भवन, स्वामी सीताराम वार्ड स्थित श्रीकृष्ण-राधा रानी मंदिर में 3 सितंबर की रात्रि से अभिषेक, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन शुरू होंगे। 4 सितंबर की सुबह महाआरती के बाद मुख्य उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात समाज भवन से भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी।

**इन मार्गों से गुजरेगी रैली**-रैली यादव समाज भवन स्वाएमी सीताराम वार्ड दोपहर 12 बजे से शुरू होकर पीपलघाट, इलाही चौक, उदय चौक, चिलमन चौक, बस स्टैंड, लालीपुर, बिंझिया, कटरा, होटल नर्मदा इन, राजू कॉलोनी, नेहरू स्मारक, महाराजपुर, आंगन तिराहा, रेलवे स्टेशन तिराहा, बजरंग चौक, बैगा-बेगी चौक, बड चौराहा होते हुए वापस यादव भवन पहुंचेगी। आयोजन समिति ने प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया है। रैली को अनुशासित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं।

**समाज के नेताओं की अपील**-जिला यादव समाज अध्यक्ष बालकृष्ण यादव, युवा अध्यक्ष राजा यादव सहित भंगीलाल यादव, नरेन्द्र यादव, रमेश यादव, ललित यादव, गुलाब यादव, कमल यादव, संतोष यादव, राजू यादव, प्रकाश यादव, पवन यादव, राजेश यादव तथा महिला मंडल अध्यक्ष विमलेश यादव, संजना, ज्ञानवती, सीमा, आभा, साधना, ज्यीत, सरोज, मालती, ब्रजलता यादव, शक्ति यादव, सोनिया, सोनाली, सपना, विमलेश, संध्याल यादव और अन्य पदाधिकारियों ने समाजबंधुओं से एकता और अनुशासन के साथ बड़ी संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है।

# भाजपा मंडल कार्यालय में मनाई गई भगवान बलराम जयंती



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष संजीत पांडे के निर्देश अनुसार, भाजपा मंडल कार्यालय में भगवान श्री बलराम की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष लेखन सिंह राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री बलराम के तैल्य चित्र का पूजन अर्चन किया। श्री राजपूत ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि,आज हम सब यहाँ भगवान श्रीकृष्ण के अग्रज, हलधर, बलभद्र श्री बलराम जी की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं।

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को, जन्माष्टमी से ठीक दो दिन पहले, बलराम जयंती मनाई जाती है। इसे हम हलषष्ठी, हरछठ और बलदेव छठ के नाम से भी जानते हैं। भगवान बलराम हम सभी के हम सभी किसानों के प्रेरणा स्रोत हैं। जैविक एवं प्रकृति खेती जिला प्रमुख सुदेश नामदेव ने बलराम जी के जीवन मे प्रकाश डालते हुए कहा उनका जीवन हमें दो बड़ी बातें सिखाता है।

पहली शक्ति और संयम बलराम जी में अपार बल था, वे गदायुद्ध में सबसे बड़े योद्धा थे, लेकिन उन्होंने कभी अपने बल का दुरुपयोग नहीं किया। वे कृष्ण जी को भी सही मार्ग दिखाते थे।

दूसरी किसान और हल से जुड़ाव। उनका शस्त्र तलवार नहीं, हल और मूसल है। इसलिए उन्हें हलधर कहा जाता है। वे हमें बताते हैं कि कृषि ही संस्कृति है। आज जब हम खेती को भूल रहे हैं, बलराम जयंती हमें याद दिलाती है कि हल ही जीवन का आधार है।

इसीलिए इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, और किसान अपने हल की पूजा करते हैं।

अंत में मैं यही कहूँगा - आज हमें बलराम जी से सीखना चाहिए कि शरीर से बलवान बनो, मन से संयमी बनो, और अपनी जड़ों, अपनी खेती से जुड़े रहो

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नरेश राजपूत ने किया, इस अवसर पर, प्रशिक्षण प्रभारी जगदंबा साहू, रविराज साहू,आनंद बरकड़े,अजय मरावी, प्रजय विश्वकर्मा,ददन यादव श्रीमती पार्वती वरकडे शाहिद अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहै

### नव नियुक्त एसडीएम कुलदीप पटेल से नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने की सौजन्य भेंट

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** अनुविभाग के नव नियुक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुलदीप पटेल, आईएएस के पदस्थापना उपरांत नगर परिषद बिछिया की अध्यक्ष रजनी मरावी ने सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर शशिकांत श्रीवास्तव अजयपुरी गोस्वामी भी उपस्थित रहे। सौजन्य भेंट के दौरान क्षेत्र के विकास, जनहित से जुड़े विषयों तथा नगर परिषद से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की गई।नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने नव नियुक्त एसडीएम कुलदीप पटेल को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन एवं नगर परिषद के समन्वय से बिछिया क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।




### भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता राजेंद्र यादव का निधन, पार्टी में शोक



**मंडला, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं नैनपुर निवासी राजेंद्र यादव का बुधवार सुबह अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं परिचितों में शोक की लहर है।

बताया गया कि बीते दिनों स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के बाद वे उपचार लेकर घर लौटे थे और मंगलवार तक सामान्य बातचीत भी हुई थी। राजेंद्र यादव के निधन पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, मंत्री संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा तथा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### बजाग से मंडला आ रही खैराबाली बस पलटी, कोई हताहत नहीं

**मंडला, देशबन्धु।** बजाग से मंडला जा रही- खैराबाली यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसा बेहद गंभीर था लेकिन गनीमत यह रही कि एक बड़ा हादसा होते- होते टल गया- बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय बस में कुल-2 सवारी मौजूद थे। अच्छी खबर यह है कि इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ। बस चालक परिचालक सहित बस में सवार दोनों यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं प्राप्त जानकारी अनुसार बस रोज कि तरह अपनी सामान्य रफ्तार से बजाग से मण्डला की ओर जा रही थी तभी अचानक चालक का संतुलन बिगड़ा और बस सड़क किनारे पलट गई।

